# यूजीसी कानून के विरोध में बंद रहा बेगमगंज

## सर्व सवर्ण समाज ने कानून के विरोध में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

**बेगमगंज, 1 फरवरी. प्रस्तावित यूजीसी कानून के विरोध में रविवार को सर्वसवर्ण समाज के आह्वान पर संपूर्ण बेगमगंज नगर बंद रखा गया.**

सुबह से ही बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहे. कबीट चौराहे से यूजीसी कानून के खिलाफ सैकड़ों लोग नारेबाजी करते मुख्य मार्ग से एसडीएम कार्यालय पहुंचे ओर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सौरभ मिश्रा को सौंपा.

सर्व सवर्ण समाज द्वारा नगर बंद का आयोजन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखने का आह्वान किया गया था, जो पूरी तरह सफल रहा.

आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी के लिए लोग 2 बजे के बाद दुकानों के खुलने का इंतजार करते नजर आए. नगर बंद के दौरान समाज के लोग कबीट चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां एक आमसभा का आयोजन किया गया.




आमसभा में वक्ताओं ने प्रस्तावित यूजीसी कानून को शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक संतुलन के लिए नुकसानदायक बताते हुए कहा कि यह कानून समाज के विभिन्न वर्गों को प्रभावित करेगा. वक्ताओं ने कहाकि यह कानून शिक्षा के अधिकारों को सीमित करने वाला है और इससे पारंपरिक शैक्षणिक ढांचे को नुकसान पहुंचेगा.

वक्ताओं ने अपने-अपने संबोधन में कहाकि यह आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक है तथा समाज केवल अपनी जायज मांगों को सरकार तक पहुंचाना चाहता है. उन्होंने कहा कि शिक्षा से जुड़े किसी भी कानून को लागू करने से पहले सभी वर्गों से संवाद जरूरी है, लेकिन यूजीसी कानून में यह प्रक्रिया नहीं अपनाई गई. इसी कारण समाज में असंतोष व्याप्त है. सभा के पश्चात सैकड़ों की संख्या में पुरुषों और युवाओं ने रैली के रूप में कबीट चौराहे से गांधी बाजार, शिवालय चौक, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड होते हुए अनुविभागीय कार्यालय तक मार्च किया एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौरभ मिश्रा को महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा. रैली के दौरान लोगों ने यूजीसी कानून के विरोध में नारे लगाए और सरकार से इस कानून को वापस लेने की मांग की. अनुविभागीय कार्यालय पहुंचकर सर्व समाज के प्रतिनिधियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपाते हुए मांग की गई कि यूजीसी कानून को तत्काल निरस्त किया जाए, क्योंकि यह कानून समाज, शिक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के हित में नहीं है.

### नगर बंद के दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अधिकांश प्रतिष्ठान बंद रहे

मेडिकल स्टोर और आवश्यक सेवाओं को आंशिक छूट दी गई. दोपहर 2 बजे के बाद धीरे-धीरे बाजार खुलने लगे. कई नागरिकों ने बताया कि वे जरूरी सामान की खरीदारी के लिए निर्धारित समय तक इंतजार करते रहे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज ने बंद को स्वेच्छा और अनुशासन के साथ सफल बनाया. समाज ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार द्वारा यूजीसी कानून पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो आगे भी आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से जारी रखा जाएगा. नगर बंद की सफलता को सर्वसमाज की एकजुटता और जागरूकता का प्रतीक बताया गया.



# केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण देखा

### भाजपा नेता बोले- विकसित भारत के संकल्प को सशक्त करने वाला बजट

**बेगमगंज, 1 फरवरी. रायसेन जिले के मंडल बेगमगंज स्थित मां कर्मा पलकमती सामाजिक उत्थान समिति कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 का सीधा प्रसारण सुना गया. उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बजट को देश की आर्थिक प्रगति, निवेश, उद्योग, रोजगार सृजन तथा 'सबका साथ-सबका विकास' की भावना को मजबूत करने वाला बताया.**

नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में दूरदर्शी एवं जनहितैषी है, जिसमें युवा, किसान, महिला, गरीब और मध्यम वर्ग सभी के लिए नए अवसर सृजित किए गए हैं. साथ ही मंडल अध्यक्ष अजय जाट, जिला मीडिया प्रभारी हरि साहू ने बताया कि केंद्रीय बजट में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, जलमार्ग विकास, पर्यटन, खेल, आयुष, मेडिकल टूरिज्म, कार्बन कैप्चर, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार से जुड़े प्रस्तावों को देश की दीर्घकालीन विकास रणनीति का मजबूत आधार बताया गया. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, मंडल अध्यक्ष अजय जाट, जिला मीडिया प्रभारी हरि साहू, मंडल महामंत्री हरि नारायण लोधी, पार्षद लोकराज ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, सरपंच सुखबीर सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे.

## एक नजर में



### ग्राम बरखंदा में मनाई संत रविदास जयंती

**देवरी (रायसेन).** ग्राम बरखंदा में संत रविदास जयंती का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया. कार्यक्रम मेंसंत रविदासजी के जीवन, उनके भक्ति मार्ग और समाज को दिए गए संदेशों पर प्रकाश डाला गया. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोलू पटेल (मंडल उपाध्यक्ष), आयुष धाकड़ (मीडिया प्रभारी), मयंक विश्वकर्मा, परशोतम पटेल, कीरत दद्दू, लिखीराम, देवी सिंह एवं गुड्डा शामिल रहे. कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संत हरिदास के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में आपसी सद्भाव एवं समरसता बनाए रखने का आह्वान किया. अंत में सभी उपस्थितजनों ने संत हरिदास जी के चित्र पर माल्यार्पण किया.

### पत्नी की हत्या पर पति को आजीवन कारावास

**बेगमगंज.** पत्नी की हत्या करने के आरोप में पति को प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सविता ओगले ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया, सहआरोपी पर एक हजार का जुर्माना लगाया गया है। थाना देवनगर के अंतर्गत मनोज आदिवासी द्वारा अपनी पत्नी को मारपीट कर गंभीर चोटे पहुंचने से उसकी मृत्यु होने पर पुलिस ने आरोपी मनोज आदिवासी एवं सहआरोपी अशोक धानक को गिरफ्तार किया था. महिला की जघन्य हत्या में मामला दर्जकर अपर न्यायालय बेगमगंज में चालान पेश किया था. घटना के संबंध में बताया गया है कि 13 अगस्त 2023 को सहआरोपी अशोक धानक मृतका सरोज बाई आदिवासी के घर आया था और उसको अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें की थी, जब महिला के बच्चों ने विरोध किया तो वह गाली गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट कर भाग गया था. उक्त घटना की जानकारी मिलने पर महिला के पति मनोज आदिवासी के द्वारा भी अपनी पत्नी सरोज बाई के साथ मारपीट की, गंभीर चोटे आने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी. अभियोजन के तर्कों एवं घटना के साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश सविता ओगले द्वारा आरोपी मनोज आदिवासी को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं 2000 रुपए का जुर्माना, सहआरोपी अशोक धानक को 1000 रुपये जुर्माने से दंडित किया गया.

### सुल्तानपुर में जिला स्तरीय युवा संगम मेला 10 को

**सुल्तानपुर.** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 10 फरवरी 2026 को नगर परिषद प्रांगण सुल्तानपुर में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है. जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 10 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक आयोजित किया गया है. इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी. इस जिला स्तरीय युवा संगम मेले में नवभारत फर्टिलाइजर भोपाल, भास्कर मण्डीदीप, आईपीएस भोपाल, इंसुलेटर एण्ड इलेक्ट्रिकल्स मण्डीदीप, यशयवी ग्रुप मण्डीदीप, सागर मेनिफेक्चर तामोट, होम हेल्प सेंटर रायसेन, हकाई सिकरोटी मण्डीदीप, आर सेठी रायसेन, वोल्वो आयशर वगरोदा, शुभम एंटरप्राइजेज भोपाल, एसआईएस सिंगरोली जिला रायसेन द्वारा विभिन्न पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी. इसके लिए अनिवार्य योग्यता पदानुसार कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिग्री इंजीनियरिंग है.



# शब-ए-बारात 3 फरवरी को कब्रस्तानों में सफाई अभियान

**बेगमगंज, 1 फरवरी. 3 फरवरी मंगलवार को शब - ए- बारात होने के कारण मुस्लिम धर्मालंबियों द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है. शबेकद्र की रात को अकीदतमंद सारी रात मस्जिदों ओर अपने -अपने घरों पर इबादत करते हैं और कब्रस्तानों में जाकर मरहूमों की मगफरत की दुआ करते हैं.**

जिसके लिए प्रतिवर्ष कब्रस्तानों में सफाई और बिजली व्यवस्था की जाती है.

शबेबारात को लेकर पिछले एक सप्ताह से समाजसेवी रिजवान अली एवं मुजाहिद अहमद की टीम खिरिया नारायण दास टेकरी स्थित कब्रस्तान में युद्ध स्तर पर सफाई अभियान जारी रखे हुए हैं.

टीम द्वारा कब्रस्तान में घास - पूस एवं कटीली गोखरू की झाड़ियों को काटकर एक स्थान पर एकत्रित करके जलाकर नष्ट किया गया है. वहीं कब्रस्तान में पगडंडियों को बनाकर पत्थर जमाकर चूने से पोता गया है, ताकि रात में कब्रस्तान अनजाने वालों को असुविधा ना हो.

# हाइवे 18 पर बसों की तेज़ रफ्तार से हो रहे हादसे

## भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे का मामला, ज़िम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**सलामतपुर, 1 फरवरी. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सैकड़ों की संख्या में बसें व अन्य वाहन प्रतिदिन अंधी रफ्तार से निकलते हैं. जिनकी रफ्तार पर लगाम लगाना आवश्यक है. एक सप्ताह के भीतर ही इस रोड पर कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है. लेकिन आरटीओ विभाग या पुलिस विभाग इन बसों या डंपरों पर कार्रवाई नहीं करता है.**

जिसकी वजह से इनके ड्राइवरों के हौसले बुलंद हैं. और वह बसों को अंधी रफ्तार से दौड़ा रहे हैं. अभी कुछ समय पहले ही घोड़ापछाड़ पुल पर एक चलती हुई यात्री बस का डीज़ल टैंक निकलकर पुल पर गिर गया था. जिसकी वजह से बस पुल के बीचों बीच रुक गई और हाइवे के दोनों और लगभग दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया था. वहीं सांची शहर में भी एक चार्टर्ड बस ने तेज़ रफ़्तार से एक स्कार्पियो में टक्कर मार दी थी. जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. इसी तरह कुछ समय पूर्व विदिशा से भोपाल सवारी लेकर जा रही प्रीत ट्रैवल्स की बस क्रमांक एमपी04 पीए 3154 दोपहर लगभग 2 बजे भोपाल विदिशा हाइवे के दीवानगंज देहरी गांव के पास चलती बस के पिछले चारों पहिए निकलकर खेत में पहुंच गए थे.

इस हादसे में बस में सवार 8 से 10 लोग घायल हो गए थे. जिन्हें भोपाल भेजा गया था.वहीं हादसे के बाद विदिशा भोपाल हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति भी बन गई थी.



### खटारा बसों पर कार्रवाई नहीं

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में तेज रफ्तार खटारा बसें व डंपर दौड़ रहे हैं. जिनका आरटीओ द्वारा कभी भी फिटनेस चेक नहीं किया जाता है. ये खटारा बसों द्वारा यात्रियों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है. यहां गोर करने वाली बात यह है कि रायसेन आरटीओ प्रतिदिन सलामतपुर, दीवानगंज, त्रिमूर्ति चौराहा, सांची आदि जगहों पर चेकिंग कर रहे हैं. लेकिन उनको ये खटारा डंपर और तेज़ रफ़्तार बसें नज़र नहीं आ रही हैं. जिसकी वजह से यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है.

### इनका कहना है

शीघ्र ही बसों की तेज रफ्तार पर अंकुश लगाया जाएगा. ऐसे तेज़ रफ़्तार चार्टर्ड बसों पर चालानी कार्रवाई करने के साथ ही समझाइश दी जाएगी.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,**
थाना प्रभारी सलामतपुर.

तेज़ रफ़्तार व खटारा बसों डंपरों पर कार्रवाई होना आवश्यक है. सलामतपुर रोड से बसें अंधी रफ्तार से निकलती हैं. जिसकी वजह से क्षेत्र में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं. और इसके साथ ही खटारा बसों के परमिट निरस्त किए जाएं.

**रघुवीर सिंह मीणा,**
सरपंच ग्राम पंचायत रातातलाई.

स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार शिकायत के माध्यम से ज़िम्मेदार अफसरों को इस समस्या से अवगत कराया है. लेकिन समस्या का समाधान कई वर्ष बीतने के बाद भी संभव नही हो सका. और भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के सलामतपुर से अंधी रफ्तार से बसें निकल रही हैं.

**अशोक त्रिपाठी,**
समाजसेवी रातातलाई सलामतपुर.

# कायस्थ महासभा की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**▸ नई कार्यकारिणी के नियुक्ति पत्र वितरित**

**उदयपुरा, 1 फरवरी. उदयपुरा नगर में स्थित राघव वाटिका परिसर में जिला रायसेन की अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की उदयपुरा ईकाई द्वारा आयोजित की गई. इस आयोजन में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर ,जिला स्तर, तहसील स्तर और नगरीय स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे.**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला स्तरीय,तहसील स्तरीय नवगठित कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके नियुक्ति पत्रों का वितरण वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा किया गया. जिले के रायसेन मुख्यालय सहित गैरतगंज, सिलवानी, बरेली, बाड़ी, सुल्तानपुर, देवरी, बेगमगंज, गौहरगंज से कार्यक्रम में पधारे चित्रांश पदाधिकारियों एवं चित्रांश बंधुओं का शील्ड, शाल, श्रीफल के पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया.



विभिन्न नगरों से इस कार्यशाला में आये चित्रांश बंधुओं ने कायस्थों के उत्थान के लिए अपने अपने उद्गार और सुझाव व्यक्त किए. कार्यक्रम की शुरुआत कायस्थों के जनक भगवान चित्रगुप्त जी की पूजन और सामुहिक आरती से हुई.

कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने यूजीसी के नये नियमों का सख्त विरोध करते हुए कहा कि सरकार को अविलंब ही यूसीजी के नये नियमों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर देना चाहिए. अंत में सामाजिक उत्थान के विभिन्न पहलुओं पर पदाधिकारियों ने विचार विमर्श किया. इस कायस्थ महासमागम के उपलक्ष में आयोजित दाल बाफले की महाप्रसादी को सभी चित्रांश बंधुओं ने सपरिवार ग्रहण किया. इस कार्यक्रम का संचालन अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा किया गया.



# रक्त रोगों की पहचान और इलाज को मिला नया रास्ता

**भोपाल, 1 फरवरी. रक्त से जुड़ी गंभीर बीमारियों और कैंसर की सही पहचान और बेहतर इलाज को लेकर एम्स में एक अहम पहल देखने को मिली।**

एम्स भोपाल के पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग द्वारा हेमेटोलिम्फॉइड नियोप्लाज्म विषय पर एक दिवसीय अकादमिक सत्र का आयोजन किया गया. जिसका सीधा उद्देश्य मरीजों को समय पर सटीक जांच और प्रभावी उपचार का लाभ दिलाना रहा। इस शैक्षणिक सत्र का मार्गदर्शन टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर सुमीत गुजराल ने किया। उन्होंने बताया कि हेमेटोलिम्फॉइड नियोप्लाज्म कैंसर का एक समूह है जो शरीर की रक्त बनाने वाली कोशिकाओं और प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करते हैं।

**साईंखेड़ा में राम कथा का विश्राम दिवस** ▸ 11 कुंडीय यज्ञ की पूर्णाहुति, संत-महिमा और भक्ति-वैराग्य का संदेश दिया

# संत का जीवन केवल परोपकार के लिए होता है : आचार्य

**सांईखेड़ा, 1 फरवरी. सांईखेड़ा में आयोजित विराट श्रीराम कथा एवं 11 कुंडीय महायज्ञ का विश्राम दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना के वातावरण में संपन्न हुआ. इस अवसर पर विशाल धर्मसभा का आयोजन हुआ, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. जगतगुरु श्री रामस्वरूपाचार्य महाराज ने अपने ओजस्वी और सारगर्भित प्रवचनों में भक्ति, संत-महिमा, कर्म-सिद्धांत और प्रभु श्रीराम की करुणा का विस्तार से वर्णन किया.**



विश्राम दिवस पर 11 कुंडीय यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न हुई. यज्ञाग्नि में आहुतियों के साथ वातावरण जय श्रीराम और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा. श्रद्धालुओं ने यज्ञ परिक्रमा कर धर्मलाभ अर्जित किया. बताया गया कि यज्ञ में भक्तों द्वारा 108 परिक्रमा लगाई गईं. जगतगुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज ने प्रवचन में कहा कि इस संसार में गुण-दोष सभी जीवों में पाए जाते हैं, क्योंकि जो जीव धरती पर अपने कर्म भोगने आता है, उसमें कर्मजन्य दोष स्वाभाविक होते हैं. परंतु परमात्मा में केवल गुण ही गुण होते हैं, दोष का कोई स्थान नहीं. इसी कारण प्रभु के नाम पर मठ, पीठ और तीर्थों की स्थापना होती है, यही परमात्मा के गुणों का चरित्र है.

उन्होंने संतों की महिमा पर विशेष बल देते हुए कहा कि संत और साधु स्वयं भगवान द्वारा भेजे जाते हैं. संत भगवान के प्रतिनिधि होते हैं और शास्त्र, संत तथा आचार्य यही कहते हैं कि संत के मुख से निकला वचन ईश्वर का ही वचन होता है. श्री हनुमान जी को संत बताते हुए उन्होंने कहा कि संत का जीवन केवल परोपकार के लिए होता है. संत का निजी कुछ नहीं होता—समाज का सुख-दुख ही संत का सुख-दुख बन जाता है. प्रवचन में सुग्रीव-हनुमान प्रसंग का उल्लेख करते हुए आचार्य महाराज ने कहा कि हनुमान जी संत थे और संत की कृपा से ही सुग्रीव को राजपाट प्राप्त हुआ. उन्होंने स्पष्ट किया कि संत की मध्यस्थता स्वीकार करनी ही पड़ेगी, क्योंकि संत के बिना हरि-दर्शन संभव नहीं. यदि भगवान से कुछ मांगते हैं तो यह भूल है-भगवान को ही मांगना चाहिए.

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका को दी विदाई

**▸ वीरपुर स्कूल में विदाई समारोह आयोजित**

**बेगमगंज, 1 फरवरी. विदाई की बेला पीड़ा के साथ जिम्मेदारी बढ़ा देती है. साथियों ओर विद्यार्थियों की यादों की मीठी कसक लेकर जा रही हूं.**




आज अपने शिक्षा विभाग परिवार से विदा ले रही हूं, लेकिन सामाजिक दायित्व से नहीं, बल्कि मेरी सेवानिवृत्ति के इस गौरवशाली क्षण मैं अपने शासकीय कार्यकाल और सेवाभावी जीवन को स्मरण करते हुए कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करती हूं. उक्त उदगार सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं समाजसेविका माया शाक्य ने व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि एक समर्पित शिक्षिका तथा एक आदर्श पुत्री/बहन के रूप में मेरा यह सफर मेरे लिए ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणादायक रहा है. 30 जनवरी 1984 को शासकीय प्राथमिक शाला पांडरी से मेरी शासकीय सेवा प्रारंभ हुई. मैंने 23 वर्षों तक महादेवपुरा शाला में अपनी सेवाएँ दीं. इसके पश्चात शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बेगमगंज (2008-2015) में कार्य किया और फिर वीरपुर में 7 वर्षों तक प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य करते हुए अपनी प्रशासनिक क्षमता का निर्वहन किया. महाआखण्ड में सेवाओं के उपरांत अगस्त 2024 में मुझे 'व्याख्याता राजनीति विज्ञान' के पद पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ. 31 जनवरी 2026 को मैं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वीरपुर से सेवानिवृत्त हो रही हूं.